Postal Registration No. CHD/0107/2021-2023 Posted at MBU Chandigarh RNI No. CHABIL/2000/3469

हिन्दी/अंग्रेजी मासिक पत्रिका

दीन बन्धु सर छोटूराम

जाट लहर

जाट सभा, चण्डीगढ़ के सौजन्य से प्रकाशित

वर्ष 21 अंक 04 30 अप्रैल, 2021 मूल्य 5 रुपये

प्रधान की कलम से

पुलिस सुधार, समय की जरूरत

डा. महेन्द्र सिंह मलिक

स्वतंत्र भारत में सात दशक के बाद भी राष्ट्र की पुलिस व्यवस्था व सुरक्षा सेवायें ब्रिटिश सरकार द्वारा बनाये गये कानून – पुलिस अधिनियम 1861 तथा दूसरे पुलिस गाईड लाईन/रूल 1857, 1937 के तहत संचालित है। वर्ष 2006 में सुप्रिम कोर्ट द्वारा सुप्रसिद्ध प्रकाश सिंह केस में दिये गये निर्णय के अनुसार देश के कुछेक राज्यों ने अपना नया आधा अधूरा पुलिस एक्ट व नियमावली बनाई है लेकिन स्थिति ज्यों की त्यों बनी हुई है। इन कानूनों में केवल शब्दावली बदली गई है और मूलभूत तौर से पुलिस प्रणाली में कोई बदलाव नहीं किया गया, आज भी पुलिस कार्यवाही सदैव विवादो में रहती है। मुख्यतः पुलिस अधिकारियों के राजनैतिक संरक्षण व पुलिस के काम में राजनैतिक/अफसर शाही दखलअंदाजी के कारण पुलिस की छवि लगातार खराब हो रही है। पुलिस राजनीतिज्ञो व राजनैतिक बदमाशों की मिलिभगत भी लगभग 60–70 प्रतिशत मामलों में आंकी गई है। इसलिय पुलिस का नाम लेते ही प्रताड़ना, क्रूरता, अमानवीय व्यवहार, रौब, उगाही, रिश्वत आदि जैसे शब्द दिमाग में कौंध जाते हैं। जिस पुलिस को आम आदमी का दोस्त होना चाहिये, वही आम आदमी पुलिस का नाम सुनते ही सिहर जाता है और यथासंभव पुलिस के चक्कर में न पड़ने का प्रयास करता है। इसलिये शायद भारतीय समाज में यह कहावत प्रचलित है कि पुलिस वालों की न दोस्ती अच्छी और न दुश्मनी।

इसी प्रकार से सुरक्षा सेनाओं तथा अर्द्धसैनिक बलों की कारगुजारी में भी शासक दलों का हस्तक्षेप बढ़ रहा है जिससे मानव अधिकारों व कायदे कानूनों की अवहेलना सरेआम हो रही हैं। पुलिस द्वारा अपने अधिकारों का दुरुपयोग किया जाता है। हाल ही में पश्चिमी बंगाल में चुनावी ड्यूटी दे रहे सुरक्षा बलों पर वोटरों को प्रभावित करने तथा बेवजह पीटने के आरोप लगे है और उग्र भीड़ को काबू करने के लिये की गई फायरिंग में चार निर्दोष व्यक्ति मारे गये। उत्तर प्रदेश में राजनैतिक व पुलिस संरक्षण में उभरे कुख्यात अपराधी विकास दुबे का पुलिस मुठभेड़ में मारा जाना भी विवादों से घिरा है। पंजाब के कोटकपुरा गोलीकांड में भी राजनेताओं, पुलिस, अपराधियों तथा केस की कानूनी पैरवी हेतु नियुक्त वकीलों का गठजोड़ उजागर हो रहा है जिससे स्पैशल इन्वैस्टीगेशन टीम के चीफ पुलिस अधिकारी को जांच टीम से इस्तीफा देकर स्वैच्छिक सेवानिवृति लेनी पड़ी। छतीसगढ़ के माओवादी हमले में नक्सलीयों द्वारा 22 सुरक्षा सैनिकों की हत्या भी उच्च स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था व खुफिया तंत्र की अक्षमता को दर्शाती है।

पुलिस व्यवस्था में सुधार के लिये विभिन्न समितियों व विशेषज्ञों के सुझावों/निर्देशों के बावजूद पुलिस तंत्र की कार्यप्रणाली में अफसर शाही व भ्रष्ट राजनेताओं का दखल बिना किसी रोक–टोक के बना हुआ है जिस कारण पुलिस की ढीली व कमजोर कानूनी जांच व्यवस्था के कारण न्यायिक व्यवस्था भी पीड़ित को न्याय उपलब्ध करवाने में बौनी साबित हो रही हैं। हाल ही में महाराष्ट्र के बाजे प्रकरण में अपराधी–पुलिस–राजनैतिक गठजोड़ पूर्णतः स्पष्ट हो चुका है जो कि एक महान लोकतंत्र की न्यायिक पुलिस तंत्र के खोखलेपन के इलावा आम आदमी की सुरक्षा के लिये चुनौतीपूर्ण है। इस प्रकरण से यह साबित होता है कि पुलिस तंत्र भ्रष्ट राजनीति के अधीन कार्य करने पर मजबूर है इसलिये एक भ्रष्ट व अपराधिक दरोगा जो वसूली किंग के साथ साथ 63 लोगों का सीरियल कीलर होने के कारण 17 साल से बर्खास्त होने के बावजूद बहाल कर दिया गया और प्रदेश के मुख्यमंत्री, गृहमंत्री व पुलिस कमीश्नर के सरक्षंण से पूर्व के बेहतरहीन कार्य के लिये नियुक्त कर दिया गया। दूसरी ओर उत्तर प्रदेश के एक ईमानदार आई.पी.एस. अधिकारी को संवैधानिक कर्तव्यों की पालना के कारण जबरी रिटायरमैंट के ईनाम से नवाजा जाता है। प्रकाश सिंह मामले में सुप्रीम कोर्ट के 15 साल पुराने फैसले के बावजूद कोई भी सरकार पुलिस पर राजनैतिक नियंत्रण खत्म नहीं करना चाहती। गृह मंत्रालय की संसदीय समिति की 230 वीं रिपोर्ट के पैरा 2.3.14 में स्पष्ट वर्णित है कि गलत एफ.आई.आर. या कानून का गलत दुरूपयोग करने वाले दोषी पुलिस अधिकारी के विरूध अपराधिक कार्यवाही होनी चाहिए और इसकी अगस्त 2018 में 277 वीं रिपोर्ट के तहत विस्तार से अनुशंसा की गई है लेकिन स्थिति ज्यों की त्यों है।

सी.बी.आई. बनाम किशोर सिंह केश में सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट व्याख्या की थी कि कानून की रक्षक पुलिस यदि भक्षक बन जाये तो उन्हें सामान्य अपराधियों से ज्यादा दंड मिलना चाहिए। लेकिन इस दिशा में कोई ठोस कदम आजतक नहीं उठाए गए। पुलिस सुधारों को लेकर 1977 में धर्मवीर की अध्यक्षता में गठित आयोग को राष्ट्रीय पुलिस आयोग कहा जाता है। चार वर्षों में इस आयोग ने केंद्र सरकार को आठ रिपोर्टें सौंपी थीं, लेकिन इसकी सिफारिशों पर भी अमल नहीं किया गया। आयोग का कहना था कि हर राज्य में एक प्रदेश सुरक्षा आयोग का गठन किया जाए। जाँच कार्यों को शांति व्यवस्था संबंधी कामकाज से अलग किया जाए। इसके साथ ही पुलिस प्रमुख की नियुक्ति के लिये एक विशेष प्रक्रिया अपनाई जाए। पुलिस प्रमुख का कार्यकाल तय किया जाए और एक नया पुलिस अधिनियम बनाया जाए।

इसके अलावा 1997 में तत्कालीन केंद्रीय गृह मंत्री इंद्रजीत गुप्त ने देश के सभी राज्यों के राज्यपालों, मुख्यमंत्रियों और केंद्रशासित प्रदेशों

शेष पेज–2 पर

शेष पेज–1

के प्रशासकों को पत्र लिखकर पुलिस व्यवस्था में सुधार के लिये कुछ सिफारिशें की थी। इसके बाद 1998 में महाराष्ट्र के पुलिस अधिकारी जे.एफ. रिबैरो की अध्यक्षता में एक अन्य समिति का गठन किया गया। वर्ष 2000 में गठित पद्मनाभैया समिति ने भी केंद्र सरकार को सुधारों से संबंधित सिफारिशें सौंपी थीं। देश में आपातकाल के दौरान हुई ज्यादतियों की जाँच के लिये गठित शाह आयोग ने भी ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति से बचने के लिये पुलिस को राजनैतिक प्रभाव से मुक्त करने की बात कही थी। इसके अलावा राज्य स्तर पर गठित कई पुलिस आयोगों तथा समितियों ने राज्यों में पुलिस बल की संख्या बढ़ाने और महिला कांस्टेबलों की भर्ती करने की भी सिफारिश की थी। लेकिन नतीजा जस–का–तस रहा।

इसके अलावा, सोली सोराबजी समिति ने वर्ष 2006 में मॉडल पुलिस अधिनियम का प्रारूप तैयार किया था, लेकिन केंद्र या राज्य सरकारों ने उस पर कोई ध्यान नहीं दिया। गृह मंत्रालय ने 20 सितंबर, 2005 को विधि विशेषज्ञ सोली सोराबजी की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया था, जिसने 30 अक्तूबर 2006 को मॉडल पुलिस एक्ट, 2006 का प्रारूप केंद्र सरकार को सौंपा। आज भी बहुत से राज्यों में स्वोच्च न्यायलय द्वारा वर्ष 2006 में दिये गये निदेर्शों व निर्णय की लगातार अनदेखी की जा रही है।

राज्य बलों में डीजीपी और दूसरे मुख्य पुलिस अधिकारियों (जैसे पुलिस स्टेशन और जिले के ऑफिसर–इन–चार्ज), और केंद्रीय बलों के चीफ के लिए कम से कम दो वर्षों की न्यूनतम कार्य अवधि निर्धारित की है ताकि उन्हें मनमाने स्थानांतरणों और तैनातियों से बचाया जा सके। लेकिन राजनेताओं द्वारा अपने निहित हितों के लिये पुलिस प्रमुखों की अवधि को 2 साल से आगे बढ़ाने की कवायद की जा रही है। पुलिस प्रमुखों के चयन भी निष्पक्षता से नही हो पाते है। यूपीएससी को पुलिस प्रमुख के चयन के लिये पैनल में जो नाम भेजे जाते हैं उनमें भी वरिष्ठता व योग्यता को नजरअंदाज किया जाता है। पुलिस कम्पलैंट अथॉरटी का गठन भी सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित मापदण्ड के अनुसार नहीं किया जाता है।

पुलिस बल में निचले स्तर से अधिकारी तक के चयन हेतु किसी भी मनोवैज्ञानिक अथवा योग्यता टैस्ट का प्रावधान नहीं किया गया है। आई.पी.एस. स्तर के अधिकारी के लिये भी मनोविज्ञान विशेषज्ञ की सेवायें नहीं ली जाती। जबकि सुरक्षा सेनाओं में अधिकारियों के चयन के लिये गठित एस.एस. बोर्ड में एक मनोवैज्ञानिक विशेषज्ञ शामिल किया जाता है।

आज भी पुलिस थानों में गंभीर व तकनीकी तौर से अपराधिक मामलों में जोर जबरदस्ती व डण्डे की तकनीक अपनाई जाती है और अपराधी/दोषी को गैर कानूनी तौर से पुलिस थानो से बाहर रखा जाता है और कोई गिरफ्तारी नहीं दिखाई जाती है और बाहरी दबाव के कारण तकनीक व उचित जांच की बजाये दबाव की नीति अपनाई जाती है। अपराधी से बरामद माल की रिकवरी कहीं होती है और मनमाफिक तरीके से बरामदी कहीं और दिखाई जाती है और वह भी बहुत कम मात्रा में दर्ज की जाती है। इस प्रकार की दबावपूर्ण जांच से वास्तविक अपराधी सजा से बच जाता है और निर्दोष को पुलिस दबाव से दोषी करार दिया जाता है। विशेषकर हाई प्रोफाईल मामलो में राजनैतिक व बाहरी प्रभाव के कारण दबाव अधीन जांच के तहत मामले के स्वरूप को बदला दिया जाता है। पुलिसकर्मियों द्वारा गंभीर दुर्व्यवहार और शक्ति के दुरुपयोग के आरोपों की जांच के लिए राज्य और जिला स्तरों पर पुलिस शिकायत अथॉरिटीज का गठन किया जाए।

कानून और व्यवस्था बहाल रखने वाली पुलिस से जांच करने वाली पुलिस को अलग किया जाए जिससे त्वरित जांच, बेहतर विशेषज्ञता और जनता के साथ अच्छे संबंध सुनिश्चित किए जा सकें, लेकिन अभी तक बहुत से राज्यों में कानून व्यवस्था व पुलिस अनुसंधान केन्द्र अलग–अलग गठित नहीं किये गये।

देश में विभिन्न राज्यों के पुलिस विभागों में संख्या बल की भारी कमी है और औसतन 732 व्यक्तियों पर एक पुलिस कर्मी की व्यवस्था है, जबकि संयुक्त राष्ट्र ने हर 450 व्यक्तियों पर एक पुलिसकर्मी की सिफारिश की है। वर्तमान में कार्य निर्वहन के दौरान पुलिस के सामने अनेक समस्याएँ आती हैं। पुलिस बल के काम करने की परिस्थितियाँ, पुलिसकर्मियों की मानसिक स्थिति, पुलिसकर्मियों पर काम का अतिरिक्त दबाव, पुलिस की नौकरी से जुड़े अन्य मानवीय पक्ष और पुलिस पर पड़ने वाला राजनीतिक दबाव ऐसी समस्याएं हैं जिनके निवारण के बिना पुलिस सुधारों की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। पुलिस के महत्त्व को मद्देनजर रखते हुए केंद्र सरकार ने 'पुलिस बलों के आधुनिकीकरण की वृहद् अम्ब्रेला योजना' को 2017–18 से 2019–20 के लिये स्वीकृत किया था। इस योजना के लिये तीन वर्ष की अवधि हेतु 25,060 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है, जिसमें से 18636 करोड़ रुपए केंद्र सरकार तथा 6424 करोड़ रुपए राज्यों द्वारा दिये गए लेकिन इसका असर जमीनी स्तर पर कैसा होगा यह देखने में अभी समय लगेगा।

राज्य पुलिस बलों में 86 प्रतिशत कॉन्स्टेबल हैं। अपने सेवा काल में कॉन्स्टेबलों की आम तौर पर एक बार पदोन्नति होती है और सामान्यतः वे हेड कॉन्स्टेबल के पद पर ही रिटायर होते हैं। इससे वे अच्छा प्रदर्शन करने को प्रोत्साहित नहीं हो पाते। पिछले दशक (2005–2015) में प्रति एक लाख जनसंख्या

पर अपराध दर में 28 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। हालांकि अपराध साबित होने की दर कम है। 2015 में भारतीय दंड संहिता, 1860 के तहत पंजीकृत 47 प्रतिशत मामलों में अपराध साबित हुए थे। विधि आयोग ने गौर किया है कि इसके पीछे एक मुख्य कारण अच्छी तरह से जांच न होना है।

राज्य पुलिस पर कानून एवं व्यवस्था तथा अपराधों की जांच करने की जिम्मेदारी होती है, जबकि केंद्रीय बल खुफिया और आंतरिक सुरक्षा से जुड़े विषयों (जैसे उग्रवाद) में उनकी सहायता करते हैं। केंद्र और राज्य सरकार के बजट का 3 प्रतिशत हिस्सा पुलिस पर खर्च होता है। इस संबंध में अगर आंकडों की बात की जाए तो जनवरी 2016 में राज्य पुलिस बलों में 24 प्रतिशत (लगभग 5.5 लाख) रिक्तियां थीं। हालांकि 2016 में हर एक लाख व्यक्ति पर पुलिसकर्मियों की स्वीकृत संख्या 181 थी, उनकी वास्तविक संख्या 137 थी। उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र के मानक के अनुसार एक लाख व्यक्तियों पर 222 पुलिसकर्मी होने चाहिए।

इण्डिया जस्टिस रिपोर्ट 2020 के अनुसार राष्ट्र भर में महिला पुलिस कर्मियों की संख्या पुरूषों के मुकाबले बहुत कम है। आंकड़ों के अनुसार हर 10 पुलिस कर्मचारियों में मात्र एक महिला पुलिसकर्मी है और 100 अधिकारियों में मात्र सात महिला अधिकारी है। थानों में महिला शौचालयों जैसी मूलभूत सुविधाओं तक की कमी है। राष्ट्र में लगातार बढ़ रहे महिला विरूध अपराधों के दौर में देश भर में महिला पुलिसबल की उपस्थिति महज 7. 28 प्रतिशत है और नकसलवाद प्रभावित तेलगांना में केवल 2. 47 प्रतिशत है। लगातार बढ़ रहे महिला विरूध अपराधों की रोकथाम व महिला सुरक्षा हेतु उचित माहौल के लिये महिला पुलिस बल की संख्या 50 प्रतिशत सुनिश्चित की जानी चाहिए क्योंकि विधान सभाओं व पंचायती राज संस्थाओं में भी कई राज्यों में महिला प्रतिनिधियों की संख्या 33 प्रतिशत की जा रही है। इस प्रकार राजनैतिक व्यवस्था व पुलिस बल में प्रर्याप्त महिला शक्ति से ही महिला विरूध अपराधों पर नियंत्रण किया जा सकता है।

कैग के ऑडिट में राज्य पुलिस बलों में हथियारों की कमी पाई गई है। जैसे राजस्थान और पश्चिम बंगाल के पुलिस बलों में अपेक्षित हथियारों में क्रमशः 75 प्रतिशत और 71 प्रतिशत की कमी है। ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ने यह टिप्पणी भी की है कि राज्य पुलिस बलों के अपेक्षित वाहनों (2,35,339 वाहनों) के स्टॉक में 30.5 प्रतिशत स्टॉक का अभाव है। हालांकि इंफ्रास्ट्रक्चर के आधुनिकीकरण के लिए दिए जाने वाले फंड्स का आम तौर पर पूरा उपयोग नहीं किया जाता है। उदाहरण के लिए 2015–16 में केवल 14 प्रतिशत फंड्स का राज्यों द्वारा उपयोग किया गया था।

आधुनिक एवं तकनीकी हथियारों के संबंध में कैग ने पाया है कि अनेक राज्य पुलिस बलों के पास आउटडेटेड हथियार हैं, और हथियारों की खरीद की प्रक्रिया बहुत धीमी है जिसकी वजह से हथियार एवं गोलाबारूद की कमी है। राजस्थान पुलिस बल के ऑडिट (2009 से 2014) का निष्कर्ष कहता है कि राज्य की अपनी विनिर्दिष्ट आवश्यकता की तुलना में आधुनिक हथियारों की उपलब्धता में 75 प्रतिशत की कमी है। इस ऑडिट में यह भी पाया गया था कि खरीद के बावजूद हथियारों का बड़ा अनुपात (59 प्रतिशत) व्यर्थ पड़ा रहता है क्योंकि उसे पुलिस स्टेशनों में बांटा ही नहीं जाता। पश्चिम बंगाल और गुजरात में भी ऐसे ही ऑडिट में यह पाया गया कि वहां भी हथियारों में क्रमशः 71 प्रतिशत और 36 प्रतिशत की कमी है।

पुलिस वाहनों के संबंध में किए गए ऑडिट्स में यह टिप्पणी की गई कि पुलिस वाहनों की सप्लाई में कमियां हैं। अक्सर नए वाहनों को पुराने वाहनों की जगह लाया जाता है, और ड्राइवरों की कमी है। इससे पुलिस समय पर नहीं पहुंच पाती और उसकी कार्यकुशलता प्रभावित होती है। जनवरी 2015 तक राज्य पुलिस बलों में कुल 1,63,946 वाहन थे। इस प्रकार वाहनों की अपेक्षित संख्या (2,35,339 वाहन) के हिसाब से देखा जाए तो उसमें 30.5 प्रतिशत की कमी दिखाई देती है।

पुलिस टेलीकम्यूनिकेशन नेटवर्क (पोलनेट) 2002 में पोलनेट प्रॉजेक्ट की शुरुआत केंद्र सरकार द्वारा की गई थी ताकि देश के पुलिस और अर्धसैनिक बलों को सेटेलाइट कम्यूनिकेशन नेटवर्क के माध्यम से जोड़ा जा सके जोकि रेडियो कम्यूनिकेशन की मौजूदा प्रणाली से काफी तेज होगा। हालांकि ऑडिट में पाया गया कि पोलनेट कई राज्यों में काम नहीं करता। उदाहरण के लिए गुजरात पुलिस के एक ऑडिट में कहा गया है कि जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे रिमोट सबस्क्राइबर यूनिट्स और जनरेटर सेट्स के न होने की वजह से अक्टूबर 2015 से नेटवर्क काम नहीं कर रहा। ऑडिट में यह भी कहा गया कि इन उपकरणों को चलाने के लिए जरूरी रेडियो ऑपरेटर और टेक्नीशियन जैसे कुछ विशेष प्रकार के प्रशिक्षित कर्मचारियों के 40 से 50 प्रतिशत पद खाली हैं।

पुलिस और जनता के संबंध पर भी बात होनी चाहिए क्योंकि इसके बिना कोई सुधार संभव ही नहीं है। अपराध और अव्यवस्था को रोकने के लिए पुलिस को आम जनता के विश्वास, सहयोग और समर्थन की जरूरत होती है। उदाहरण के लिए किसी भी अपराध की जांच के लिए पुलिसकर्मियों को इनफॉर्मर और गवाहों के रूप में आम जनता के भरोसे रहना पड़ता है। इसलिए प्रभावशाली पुलिस व्यवस्था के लिए पुलिस और जनता के बीच का संबंध महत्वपूर्ण है। दूसरे प्रशासनिक सुधार आयोग ने टिप्पणी की थी कि पुलिस और जनता के बीच का संबंध

असंतोषजनक स्थिति में है क्योंकि जनता पुलिस को भ्रष्ट, अक्षम, राजनैतिक स्तर पर पक्षपातपूर्ण और गैर जिम्मेदार समझती है।

इस चुनौती से निपटने का एक तरीका कम्युनिटी पुलिसिंग मॉडल है। कम्युनिटी पुलिसिंग के लिए पुलिस को अपराध को रोकने और उसका पता लगाने, व्यवस्था बहाल करने और स्थानीय संघर्षों को हल करने के लिए समुदाय के साथ काम करने की जरूरत होती है ताकि लोगों को बेहतर जीवन प्राप्त हो और उनमें सुरक्षा की भावना पैदा हो। इसमें सामान्य स्थितियों में आम लोगों के साथ संवाद कायम करने के लिए पुलिस द्वारा गश्त लगाना, आपराधिक मामलों के अतिरिक्त दूसरे मामलों में पुलिस सेवा के अनुरोध पर कार्रवाई करना, समुदाय में अपराधों को रोकने का प्रयास करना और समुदाय से जमीनी स्तर पर प्रतिक्रियाएं हासिल करने के लिए व्यवस्था कायम करना शामिल है। विभिन्न राज्य कम्युनिटी पुलिसिंग के क्षेत्र में प्रयोग कर रहे हैं, जैसे केरल (जनमैत्री सुरक्षा प्रॉजेक्ट), राजस्थान (ज्वाइंट पेट्रोलिंग कमेटीज), असम (मीरा पैबी), तमिलनाडु (फ्रेंड्स ऑफ पुलिस), पश्चिम बंगाल (कम्युनिटी पुलिसिंग प्रॉजेक्ट), आंध्र प्रदेश (मैत्री) और महाराष्ट्र (मोहल्ला कमेटीज) आदि। इसके बाजवूद पुलिस सुधारों की गति बहुत धीमी है और जरूरत है इसको तेज करने की ताकि पुलिस और जनता दोनों एक दूसरे के काम से ही संतुष्ट ना हों बल्कि पुलिस को देखकर जनता के बीच एक सुरक्षा की भावना भी पनपे। पुलिस भर्ती प्रक्रिया और पुलिस प्रशिक्षण में अत्याधिक सुधार लाने की आवश्यकता है।

इसके साथ ही संवेदनशील मामलो में जांच की गोपनीयता अत्यन्त जरूरी है। केबल टेलिविजन नैटवर्क अधिनियम 1995 में स्पष्ट है कि किसी प्रकरण में शिकायतकर्ता, एफ.आई.आर. की जानकारी, साक्षी व आरोपी का साक्षात्कार आदि मीडिया द्वारा सार्वजनिक/प्रसारित करने से अनुसंधान/ट्रायल की गोपनीयता को प्रभावित करता है लेकिन आपसी गठजोड़ के कारण हाई प्रोफाईल मामलों को जांच पूर्व ही मीडिया में उछाल दिया जाता है जिस कारण पीड़ित को न्याय मिलना कठिन हो जाता है।

डॉ0 महेंद्र सिंह मलिक
आई.पी.एस. (सेवा निवृत)
पूर्व पुलिस महा निदेशक हरियाणा,
प्रधान अखिल भारतीय शहीद सम्मान संघर्ष समिति एवं
जाट सभा, चंडीगढ व पंचकुला

चौधरी छोटूराम जी की सोच व संघर्ष.....

– संदीप कुमार खटकड़

थोड़ा समय निकाल कर जरूर पढ़ें क्यों में चौ० साहब को किसान कमेरे का राम कहता हूं।।

1. औरतों पर अत्याचार बंद करें....

चौधरी **छोटूराम ने** औरतों पर अत्याचार बंद करवाने के लिए जेण्डर इक्विटी एक्ट–1942 बनाकर उन्हें पुरुषों के समान अधिकार दिलाए। पंचायती राज स्थापित कर औरतों को 50 प्रतिशत सीटों पर भागीदारी दी। विधानसभा में 20 प्रतिशत सीटें प्रथम बार 1943 के चुनाव में तथा पांच वर्ष बाद 50 प्रतिशत सीटें देने का प्रावधान किया। औरतों को शिक्षित करने के लिए नारी शिक्षा को अनिवार्य करने का प्रस्ताव पास कराया। परन्तु यह काम इसलिए अधूरे रह गए, क्योंकि चौधरी छोटूराम का देहान्त 1945 में ही हो गया। और विरला समाज सुधारक इस दुनिया से विदा हो गया।

2. मुलतान जिले (हाल पाकिस्तान) में दलितों को कृषि भूमि देना

दीनबंधू सर छोटूराम का दीनबन्धू नामकरण दलितों द्वारा किया गया, क्योंकि इन्होंने कहा था कि दलित शब्द समाप्त करना जरूरी है नहीं तो शोषित वर्ग समाज में बराबरी पर नहीं आ सकता। 13 अप्रैल 1938 को जब ये कृषि मंत्री थे तब भूमिहीन दलितों को खाली पड़ी सरकारी कृषि भूमि 4 लाख 54 हजार 625 एकड़ (किले) जो मुलतान जिले में थी भूमिहीन दलितों को रुपये 3/–(तीन) प्रति एकड़ जो 12 वर्षों में बिना ब्याज, प्रतिवर्ष चार आने किश्तों पर चुकाने की शर्तों सहित अलॉट कर दलितों को भू–स्वामी बनाया। दलितों ने सर छोटूराम को दीनबन्धू का नाम देकर इन्हें हाथी पर चढ़ा कर ढोल–नगाड़ों से जुलूस निकालकर जलसा किया। ऐसे पड़ा था इनका नाम दीनबन्धू।

3. छुआछूत बुराई कानून.....

राज्य में 1 जुलाई 1940 को सर छोटूराम ने यह कानून बनाकर सख्ती से लागू कर दलित शब्द मिटाने का वचन निभाया। एक सरकुलर जारी किया गया, जिसके अनुसार सारे पब्लिक कुएं सारी जातियों के लिए खोल दिए गए। इससे दलितों को इंसानी हकूक कानूनी तौर पर मिल गए, जिससे वह सदियों से रिवाज और जाति–पाति के चक्करों से वंचित कर दिए गए थे। जमींदारा पार्टी का यह फैसला लागू होने पर मोठ गांव में स्वर्णों ने दलितों को कुओं पर चढने से रोकने पर खुद चौ. छोटूराम ने वहां जाकर समझा कर दलितों को कुएं पर चढ़ाकर पानी भरवाकर घड़े दलित महिलाओं के सिर पर चकवाकर उनका सम्मान बढ़ाया।

इसके अतिरिक्त सरकारी हुक्म जारी कर दिए कि कोई ऑफिसर किसी दलित या पिछड़ी जाति के आदमी से किसी प्रकार की बेगार नहीं लेगा। सरकारी दौरे पर दलित से अपना सामान नहीं उठवाएगा। हिदायत दी कि बेगार लेना कानूनी जुर्म है। इन्सान की बेकदरी है।

4. मुस्लिम समाज से भाईचारा.....

सर छोटूराम ने नेशनल यूनियनिस्ट जमींदारा पार्टी वर्ष 1923 में बनाई, परन्तु सर फजले हुसैन जिन्होंने इंग्लैण्ड से वकालत की थी को इसका अध्यक्ष बनाया। जब जमींदारा पार्टी वर्ष 1935 में सत्ता में आई तब सर सिकन्दर हयात खां एक मुस्लिम को वजीरे आला (मुख्यमंत्री) बनाया। सर सिकन्दर हयात खां लन्दन स्कूल ऑफ इकनोमिक्स से पढ़े विद्वान थे जो उस समय रिजर्व बैंक – दिल्ली में इसके गवर्नर थे। फिर उनके बेटे खिजर हयात को बनाया । सन् 1945 में चौधरी छोटूराम के देहान्त के बाद सर खीजर हयात खां को इतना सदमा लगा कि वह देश छोड़कर इंग्लैण्ड यह कहते हुए चला गया कि जब चाचा ही नहीं रहे तो अब शासन किसके सहारे करूंगा।

5. राजपुताना में कुम्हारों पर लगी चाक लाग को समाप्त कराया.....

दीनबन्धु सर छोटूराम ने राजपुताने के राजाओं तथा ठिकानेदारों द्वारा कुम्हारों के घड़े व मिट्टी के बर्तन बनाकर बेचने पर चाक लाग लगा रखी थी जो रुपये 5/– वार्षिक अदा करनी पड़ती थी। राजाओं का कहना था कि जिस मिट्टी से कुम्हार बर्तन व घड़े बनाकर बेचते हैं वह मिट्टी राजाओं की जमीन की है, इसलिए यह लाग देनी पड़ेगी। सर छोटूराम ने 5 जुलाई 1941 को बीकानेर में कुम्हारों को इक्ट्ठा कर महाराजा गंगासिंह से बातचीत कर इन्हें इस चाक लाग से मुक्ति दिलाई। कुम्हारों ने खुश होकर सर छोटूराम को एक सुन्दर सुराही जिसमें पानी ठण्डा रहता हैं भेंटकर सम्मान किया। सर छोटूराम ने मरते दम तक वह सुराही अपने पास रखी।

6. कतरन लाग से नाइयों तथा नायकों को मुक्ति.....

नायक तथा बावरी जातियां भेड़–बकरियां पालती थी। भेड़–बकरियों के बाल तथा ऊन कतरने पर ठिकानों ने कतरन लाग लगा रखी थी। इसी प्रकार नाइयों द्वारा बाल काटने का धन्धा करने पर इस कतरन लाग का भुगतान करना पड़ता था। सर छोटूराम ने 26 जुलाई 1941 को मारवाड़ के गांव रतनकुडिया तथा पहाड़सर में भेड़–बकरी पालकों को इक्ट्ठा कर कतरन लाग के विरूद्ध प्रदर्शन कर इस कतरन लाग से इन्हें मुक्ति दिलाई।

7. बुनकर लाग का उन्मूलन कर बुनकरों को राहत.....

बुनकर जो अधिकतर जुलाहे मेघवाल समाज से होते थे जो डेवटी की रजाई का कपड़ा, खेस, चादर तथा मोटा कपड़ा रोजी रोटी कमाने के लिए बुनकर बेचते थे। सूत गृहणियां कातकर उन्हें देती थी और वे उस सूत से उनकी इच्छानुसार वस्तुएं बुनकर दे देते थे। शेखावाटी तथा मारवाड़ और विशेषतौर पर जयपुर, पाली तथा बालोतरा में यह काम जोरों पर था। ठिकानेदारों ने इस काम पर बुनकर लाग रखा रखी थी। जिसका विरोध 4 वर्षों तक सन् 1937 से 1941 तक सर छोटूराम ने अपनी अगुवाई में करके समाप्त कराया। बालोतरा में 9 अगस्त 1941 को ठिकानेदारों ने जुलाहों के घरों को लाग नहीं देने पर आग लगा दी जिससे सारा कपड़ा जल गया। सर छोटूराम वहां गए और 8 दिन भूख हड़ताल की तब जाकर जोधपुर के राजा का सन्देश आया कि यह लाग समाप्त कर दी गई है। सर छोटूराम ने 28 मेघवाल परिवारों को नुकसान की भरपाई के लिए रुपये 1500/– प्रत्येक परिवार को राजा से दिलवाने की मांग पर अड़ गए। तीन दिन बाद राजा ने प्रत्येक परिवार को रुपये 1500/– देने की घोषणा की। ऐसे संघर्ष सर छोटूराम ने मंत्री पद पर रहते हुए किसानों और दलितों की भलाई के लिए किए जिन्हें भुलाया नहीं जा सकता।

8. जागीरदारी प्रथा–लगान वसूली व बेगारों में निर्दयता..

रियासती काल में ठिकानें जागीरदारों के अधीन थे। जागीरदार उनसे अनेक प्रकार की श्रमसाध्य और जानलेवा बेगारें लेते थे। ये जागीरदार बड़े ही निरंकुश और अत्यन्त मनमानी करने वाले माने जाते थे। जागीरदार की मर्जी ही कानून था। यदि किसान से लगान वसूली नहीं होती तो किसान को पकड़कर ठिकाने के गढ़ या हवेली में लाया जाता और उसके साथ बर्बरतापूर्ण व्यवहार किया जाता था, जैसे – काठ में डाल देना, भूखा रखना आदि दण्ड – उपाय, जो एक जघन्य अपराधी के खिलाफ भी प्रयोग में नहीं लिए जाते थे। गरीब किसान के लिए यह अत्यंत लज्जाजनक किन्तु आक्रोश पैदा करने वाली स्थिति थी। इन सजाओं की कोई सीमा न थी, कोई कानून न था, कोई व्यवस्था न थी और कोई विधि–विधान भी न था। खड़ी खेती कटवा लेना, पशु खुलवाकर हांक ले जाना, घर–गृहस्थी के बर्तन, कपड़े लते उठा लेना और किसान की मुश्कें कसवा देना साधारण बात थी। दाढ़ी–मूछें उखाड़ लेना, भूमि से बेदखल कर देना कोई बड़ी बात न थी। किसान तथा उसके परिजनों को गोली का निशाना तक बनाया जाने लगा था। जागीरदार की हवेली में हाथ का पंखा दलितों से खिंचवाया जाता था और थोड़ी चूक करने पर अपशब्द बोले जाते थे।

9. सामाजिक दमन चक्र.....

सामाजिक दमन का चक्र कितना गम्भीर था, इसका अन्दाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि कुछ पिछड़ी जातियों के लोग वहां के सवर्ण जातियों के लोगों के सामने

चारपाई पर नहीं बैठ सकते थे। उनके सामने पांचों कपड़े नहीं पहन सकते थे। यह लोग किसी तीर्थ में स्नान भी नहीं कर सकते थे। जागीरदार के घर बेटी पैदाहो गई तो एक मण अनाज की लाग किसान पर थी जिसे बाई जामती की लाग कहते थे और लड़की की शादी होने तक हर साल गाजर, मूली, शकरकन्द की एक क्यारी किसान को देनी पड़ती थी। नाच–गानों का मेहनताना 5 सेर अनाज ढाढ़ी का व 5 सेर भगतण को किसान को ही देना पड़ता था।

किसान की जाति क्या है.....

चौधरी छोटूराम ने कहा था कि किसान की जाति उसकी पार्टी है। आज से जो किसान होगा चाहे वह दलित हो या सवर्ण, अगर वह जमींदारा पार्टी से जुड़ा है तो वह जमींदार कहा जाएगा। वह जमींदारा पार्टी का सच्चा सिपाही और जमींदार होगा।

10. युवा वर्ग व नारियों को उचित प्रतिनिधित्व.....

चौधरी छोटूराम ने युवावर्ग तथा महिलाओं को राजनीति में उचित स्थान दिया। वे कहते थे कि युवावर्ग तथा महिलाओं के बगैर राजनीति सारहीन है। प्रत्येक चुनावी वर्ष में उम्मीदवारों का बदलाव जरूरी है ताकि अन्य उम्मीदवारों को आने का मौका मिले। बार–बार एक ही व्यक्ति या एक ही परिवार के व्यक्तियों को उम्मीदवार बनाने से समाज में आक्रोश पैदा हो जाता है। जिस प्रकार फसलें फेर–बदल कर बोनी चाहिए, राजनीति भी इस सिद्धान्त से अछूती नहीं। योग्य तथा योग्यता के सिद्धान्त के आधार पर उम्मीदवारी तय की जाए। पढ़े–लिखे उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाए। बदलाव करना नितान्त आवश्यक है।

सर छोटूराम ने उस वक्त यातायात के साधन ना होते हुए भी जगह–जगह घूमकर किसानों में जागृति पैदा की जिसे यह सामाज कभी भूल नहीं सकेगा। आज भी किसानी और किसान को बचाने के लिए युवावर्ग हिचकोले ले रहा है। अगर युवा वर्ग दीनबंधु के दिखाए मार्ग पर ईमानदारी से चले तो अब वह दिन दूर नहीं कि किसान क्रांति आकर रहेगी।

जय योद्धये.....

किसानों पर सोंचें

– सूरजभान दहिया

एक समय साहित्य में वर्ग – संघर्ष की बहुत रचनाये लिखी गई। अब गांवों और शहर के ऐसी ही संघर्ष की बाते सुनकर संतोष हुआ कि चलो हमारा देश दिनदूनी, रात चौगुनी तरक्की कर रहा हैं क्योंकि यह देश शुरू से ही कृषि प्रधान देश है इसलिये कृषि के विकास पर सोचने की भला क्या जरूरत है। 2022 तक स्वतः ही किसानों के गांव पुरातत्व सभ्यता के अवशेष दिखाई पड़ रहे हो। अरे होगा कुछ, माथा पच्ची करने से क्या फायदा? घोषणा तो हो गई – अन्नदाता किसान अगले साल अपनी दुगनी आय का लुत्फ उठायेगा – हींग लगी ना फिटकरी, रंग चौखा।

पिछले दिनों शहर में भटकते हुए एक किसान से भेंट हो गई, मैंने पूछा, "भैया तुम्हें पता है कि इनदिनों राजनीति में तुम्हारी बड़ी चर्चा हैं, बड़े–बड़े दिग्गजो का भविष्य तुम्हारे नाम से दांव पर लगा है। बाबू तुम्हारी बाते सुनकर हमे तो डर लगने लगा है, बड़े–बड़े महारथी जब हम मामूली लोगों के विषय में चिंतित हो जाये तो समझो अब खतरा है" किसान यह कह चलता बना।

कोई तात्कालिक राजनीतिक या सामाजिक सोच समाधान दे या न दे पर किसान संवेदना हमेशा सार्थक बनी रहती है। वह इतिहास के उसी काल की, उसी क्षेत्र की ट्रैजेड़ी न रहकर यह हरकाल की ट्रैजेड़ी का परिमाप बन कर देश के सामने खड़ी है। किसान चारमहीने से ऊपर अपनी ट्रैजैड़ी बयान राष्ट्रीय राजधानी की चौखट पर करता आ रहा है। किसान मसीहा कहने वाले रहनुमा की दलील यही है कि हमने किसान समृद्धि हेतु तीन कानून ला दिये। 2022 में किसान खुशहाल हो जायेगा। अर्थशास्त्री असमंजस में हैं कि वह कौनसा आर्थिक मॉडल विकसित हो गया जिसके सहारे किसान की आमदनी दोगुनी होने की बात कहीं जा रही है। हकीकत तो यह है कि कोरोनाकाल में भी किसान ने 3.4 प्रतिशत कृषि विकास दर करके स्वयं वह आर्थिक संकट की चपेट में तीन कृषि कानूनो के तहत आ गया है। यह कैसी विडम्बना कि किसान जो मांग रहा है वह तो दिया नही जा रहा और जो नही मांग रहा वह उस पर जबरदस्ती थोपा जा रहा है। क्या यहीं कल्याणकारी राज्य होता है। सर्दी हो, गर्मी हो, कैसा ही कष्टदायी मौसम हो किसान अपने बूढ़े माँ–बाप, पत्नियों एवं बच्चों समेत दिल्ली द्वार पर नूकिले भालो, कांटेदार तारो एवं अन्य कठिनाईयों सहते हुये सरकार से गुहार लगा रहा है कि सरकार उन की वाजिब मांगे स्वीकार करे परन्तु सरकार टस से मस नहीं। परिवर्तन की आहट जब दरवाजे पर दस्तक देती है तो वह गूंज बनकर दूर तक सुनाई देती है। चिरकाल से चल रहे किसान आंदोलन से निकले विद्रोही स्वर भी राजनीतिक वातावरण में बदली भाषा और मुहावरे के साथ सुनाई पड़ रहे हैं। हमे किसान हित एवं

उसके कल्याण के प्रति समर्पित होकर सकारात्मक रूप से सोचना होगा। किसान समृद्धि की बुनियादी सोच क्या होनी चाहिये ? उस सन्दर्भ में हम किसान मसीहा दीनबंधु चौ० छोटूराम की विचारधारा को ले लेते हैं। उन्होंने पंजाब विधानसभा में 1923 में कहा था, "पंजाब के कुल राजस्व के दस रुपयों में से नौ रुपये किसानों से आते हैं जो गांववासी हैं तथा पंजाब की कुछ आबादी का 80 फीसदी भाग कृषि पर निर्भर है इसलिये पंजाब में खुशहाली का बुनियादी आधार यही होगा कि पंजाब के बजट का 80 फीसदी व्यय देहात पर होगा और उन्होंने ऐसा ही किया। बड़ा संघर्ष किया, भाखड़ा डैम का प्रोजेक्ट उन्होंने 1924 में अपने हाथों में लिया था। बड़े–बड़े अवरोध पार करते हुये उन्होंने इसमें 1945 में सफलता मिली। भाखड़ा डैम ने पंजाब, हरियाणा, राजस्थान व दिल्ली की काया ही बदल दी। उन्होंने इस से पूर्व पंजाब में कनाल कालोनिया स्थापित की, युवाशक्ति को सेना में भेजा जिससे किसान के घर कृषि विकास हेतु धनराशि प्राप्त हुई, शिक्षा प्रसार का सिलसिला चला एवं उन्होंने किसान को सरकार में भागीदार बनाया जिसके कारण ही किसान बाहुल क्षेत्र में हरित क्रांति का श्री गणेश हुआ। चौ० छोटूराम की 1945 में आकस्मिक मौत किसान समृद्धि को बड़ा झटका दे गई।

दूसरी किसान समर्पित दूरदर्शिता का अनुभव हमें लोहपुरूष सरकार बल्लभ भाई पटेल के निर्णयों से होता है। प्रथम पंचवर्षीय योजना को नेहरू जी औद्योगिकरण आधारित बनाना चाहते थे, लेकिन सरदार पटेल की उपस्थिति का असर था कि प्रथम पंचवर्षीय योजना में कृषि के लिये 35 प्रतिशत भाग और औद्योगिक क्षेत्र के लिये 15 प्रतिशत राशि भाग आबंटित की गई। सरदार पटेल की असमय मृत्यु ने इस प्राथमिकता में आमूल परिवर्तन कर दिया। दूसरी और तीसरी पंचवर्षीय योजनाओं में कृषि क्षेत्र के लिये 15 प्रतिशत और औद्योगिक विकास के लिये 35 प्रतिशत राशि आबंटन हुआ।

ग्रामीण क्षेत्र के सवालो को स्वर देने का काम चौधरी चरण सिंह ने भी बखूबी किया। चौधरी चरण सिंह ने सिर्फ ग्रामीण और किसानहितो को प्रमुखता के साथ उठाया बल्कि लगभग एक दर्जन प्रस्ताव लिखकर ब्यौरेवार स्वतंत्र भारत की स्वावलंबी योजनाओं का प्रचार किया। उन्होंने पंजाब के तत्कालीन राजस्वमंत्री चौधरी छोटूराम के अधूरे ग्रामीण विकास कार्यक्रमों को पूरा करने का जिम्मा उठाया। 1977 में बनी जनता सरकार में प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई से सम्पूर्ण ग्राम विकास योजनाओं को लाकर उन्होंने जय प्रकाश की सम्पूर्णक्रांति लाने का अनुरोध किया। इस पर जनता सरकार में उनको समर्थन नहीं मिला क्योंकि अर्बनलॉबी बजट का अधिक भाग सिर्फ नगरो की सुविधाओं हेतु व्यय करने की आदी हो चुकी थी। किसान एवं ग्रामीण के प्रति उदासीन जनता सरकार का पतन हो गया। 1981 में 'भारतीय अर्थनीति का दिवास्वप्न' पुस्तक लिखकर चौधरी चरण सिंह ने जनतापार्टी की प्राथमिकताओं को जमकर कोसा।

आज के किसान आंदोलन में ऐसे कई नारे उभर रहे हैं जो चौधरी चरण सिंह की विचारधारा सं उद्धत हैं। किसान आंदोलन अब एम०एस०पी० तथा तीन कृषि कानून तक सीमित नहीं है। किसान अब अपने सम्पूर्ण अधिकारी हेतु आंदोलनरत है। वर्तमान सरकार भारत आत्मनिर्भरता का स्वप्न दिखा रही है। क्या किसान उपेक्षा के साथ यह स्वप्न साकार होगा हमे सोचने को बाधित कर रहा है। भारत कृषि प्रधान देश था, कृषि प्रधान देश है और कृषि प्रधान देश रहेगा। तीन दशक हो गये हैं देश में उदारीकरण का ऐसा ज्वर प्रवाहित हो रहा है जिसके कारण गांव और किसान हाशिये में चले गये हैं। देश के अधिकांश स्रोत सिर्फ कारपोरेट जगत के उत्थान हेतु खर्च हो रहे हैं। कहने के लिये तो भारत विश्व के महानतम लोकतंत्र में हैं लेकिन भारत सरकार Government is the people by the people and for the people न होकर Government is corporate by the corporate and for the corporate प्रमाणित हो रही है और इस हकीकत को सभी मंचो पर इस चतुराई से पेश किया जाता है कि ग्रामीणोंन्मुखी विकास के समर्थको को देश के प्रति सर्मपणता पर प्रश्नचिन्ह लगा दिये जाते हैं। किसान उपेक्षित आर्थिक नीतियों का परिणाम है कि जो संपन्न और वंचितों के बीच की खाई को चौड़ी कर रहा हैं। यह उन नीतियों का परिणाम है कि जो जल, जंगल और जमीन (काश्तक्षेत्र) जैसे प्राकृतिक संसाधनों पर सामुदायिक नियंत्रण हासिल करती है और यह उन नवउदारवादी नीतियों की उपज है जो सामाजिक दायित्वों से मुंह चुराकर कृषि और किसान को उद्योग घरानो को सौंपती है। खेत का पानी छीनकर गगनचुंबी अर्पाटमेंटो में स्वीमिंग पूल बनाये जा रहे हैं, पशुओं के लिये गांवों के जोहड़ो में भले ही पानी न हो पर महानगरो के गार्डनों को वाटर सप्लाई बनी रहे, कारपोरेट घरानो के 22 लाख करोड़ रुपये के कर्जे एन०पी०ए० बनाकर मुआफ कर दिये जाते हैं परन्तु भारत के प्रत्येक किसान पर एक लाख रुपये का कर्जा बना रहने के प्रति उदासीनता बनी रहती है, 80 हजार करोड़ रुपये के दाल व तेल बाहर से मंगवाने में सरकार तत्पर हो जाती है, पर अपने किसानों को दाल व तिलहनो की पैदावार उगाने को प्रोत्साहन देने में सरकार की अनदेखी बनी रहती है। अब तो स्वर उठ रहे हैं कि कृषि से किसान हट जाये। देश की आधी आबादी जो किसान हैं वे कहाँ जायेंगे पेट भरने के लिये, कहीं से उत्तर न ही आता। सौ साल होने को है मुंशी प्रेमचंद ने किसान व्यथा पर गोदान उपन्यास लिखा था, आज भी वह किसान ट्रैजेडी वहीं पर खड़ी हैं।

अभी–अभी अमेरिका में किसान ट्रैजड़ी पर एक संवेदनशील अध्ययन हुआ है। 40 साल पहले अमेरिका में कृषि क्षेत्र कारपोरेट जगत के हवाले कर दिया था जो भारत आज अपने कृषि जगत को कारपोरेट घरानों को सुपुर्द करने पर आमादा है। फरवरी 2020 में अमेरिकी किसान 1000 डालर की घाटे की खेती कर रहा हैं वहां पर गेहूं की पैदावार पिछले 20 साल में तीन गुणा बड़ गई जबकि किसान को गेहूं की कीमत वह मिलती है जो 1865 में सिविल–वार के टाईम में मिलती थी। 1945 में वहां पर 60 लाख कृषक थे जो आज 20 लाख रह गये हैं दिनोदिन कृषको को फार्म छोड़ने के लिए मजबूर किया जा रहा है। राष्ट्रपति किलंटन के शासन में 'Frredom to farm Act of 1996' कानून बना जिसे आज वहां के किसान 'Freedom to fall' कानून कहते हैं। इससे अमेरिका का किसान औंधा गिर गया और कारपोरेट जगत कृषि पर हावी हो गया। पिछले 40 सालो में कृषि उत्पाद की कीमतो में 200 फीसदी वहां बड़ गई जबकि निचली श्रेणी के 90 फीसदी किसानों की आय केवल 20 फीसदी बढ़ी। कृषि छोड़कर किसानों को वहां 2 घंटे की शिट में कारखानों में काम करना पड़ रहा है ताकि वे अपने परिवार का जीवन यापन कर सके। यूरोप के किसानो की भी यही दुर्दशा है। निःसन्देह विश्व में किसान संकट में है। अमेरिकी किसान भारतीय किसान को सलाह दे रहा है कि वह श्ठपह ।हश अर्थात कारपोरेट लॉबी के चुंगल में न आये वरना वह कारपोरेट घराने का गुलाम सदा के लिये बन जायेगा।

आम भारतीय किसान रोज एक एकड़ भूमि पर हल चलाकर सुबह से शाम तक 13 किलोमीटर चलता है फिर भी वह मुसीबतों के भंवरों में फंसा रहता है। भारत का पाली अपने पशुओं को पालकर जब अमूल को अपना दूध बेचता है तो उसे नाम मात्र की कीमत मिलती है। स्वीडन देश ने अपने किसानों की रक्षा हेतू कानून बना दिया है कि यदि कोई व्यापारी किसान से कृषि उत्पाद उसके लागत मूल्य से कम खरीदेगा तो उसे कठोर दंड और भारी जुर्माना देना पडेगा। भारतीय किसान अब समझदार हो गया है उसने समझ लिया है और वह निर्णय कर चुका है कि भारत हाली–पाली किसी भी कीमत पर कारपोरेट लॉबी का मातहत नहीं होगा। उसने Farm Economics जान ली है। सरकार किसान को झूका नहीं पायेगी और भारत के लोकतंत्र की आत्मा किसान सदैव देश को खाने को भी देगी तथा देश की सीमाओं को सुरक्षित भी रखेगी – जय जवान! जय किसान!

कोरोना के दौर में आयुर्वेद, कितनी आर्थिक संभावनाएं

– जयंतीलाल भंडारी

यकीनन इस समय कोरोना संक्रमण की दूसरी घातक लहर ने देश और दुनिया में आयुर्वेदिक सैक्टर की अहमियत और बढ़ा दी है। कोविड–19 की चुनौतियों के बीच देश और दुनियाभर में आयुर्वेदिक बाजार के तेजी से आगे बढ़ने का सुकून भरा परि.श्य दिखाई दे रहा है। पिछले वर्ष 13 नवंबर, 2020 को पांचवें आयुर्वेद दिवस के अवसर पर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के महानिदेशक टेड्रस अधानोम घेब्रेसस ने घोषणा की कि डब्ल्यूएचओ भारत में पारंपरिक दवाओं के लिए एक वैश्विक केंद्र की स्थापना करेगा और इससे विश्व के विभिन्न देशों में परंपरागत और पूरक दवाओं के अनुसंधान, प्रशिक्षण और जागरूकता को मजबूत किया जा सकेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुताबिक आयुर्वेद भारत की विरासत है जिसके विस्तार में पूरी मानवता की भलाई समाई हुई है। जिस तरह भारत दुनिया की फार्मेसी के रूप में उभरा है, उसी तरह पारंपरिक दवाओं का यह केंद्र भारत में वैश्विक स्वास्थ्य का केंद्र बनेगा।

गौरतलब है कि जैसे–जैसे आयुर्वेद का उपयोग बढ़ता गया है, वैसे–वैसे आयुर्वेदिक दवाइयों का बाजार बढ़ता गया है। कोरोना महामारी के वैश्विक संकट के दौरान भारत के सदियों पुराने आयुर्वेद को दुनियाभर में अपनाया गया है। भारत सरकार ने कोविड–19 से लड़ने के प्रयासों में प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिए आयुर्वेदिक संघटकों के उपयोग की सफल रणनीति बनाई है आज दुनिया के कई देशों को आयुर्वेदिक दवाइयों और मसालों का निर्यात किया है। 21वीं सदी में भी पारंपरिक इलाज के तौर पर पहचान बनाने में कामयाब रहे आयुर्वेद ने काफी विश्वसनीयता हासिल की है और इससे आयुर्वेदिक बाजार बढ़ा है। उल्लेखनीय है कि आयुर्वेद मार्केट से संबंधित प्रसिद्ध मेक्सीमाइस मार्केट रिसर्च के मुताबिक भारत में आयुर्वेदिक दवाइयों का बाजार आकार वर्ष 2019 में करीब 4.5 अरब डॉलर मूल्य का था, यह वर्ष 2026 तक बढ़कर 14. 9 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। आरबीईएफ डॉट कॉम के मुताबिक भारत का आयुर्वेदिक बाजार तेजी से बढ़ते हुए 2022 में 9 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। निश्चित रूप से देश और दुनिया में आयुर्वेदिक बाजार बढ़ रहा है, लेकिन कई ऐसी चुनौतियां हैं, जो आयुर्वेदिक बाजार को ऐलोपैथिक बाजार जैसी ऊंचाइयों से रोकते हुए दिखाई दे रही हैं। ये चुनौतियां आयुर्वेदिक चिकित्सा व्यवस्था से संबंधित हैं। आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति अत्यधिक जटिल व निषेधात्मक है। आयुर्वेदिक दवाओं की प्रभावकारिता का पूर्वानुमान करना कठिन कार्य है। अत्यधिक गंभीर संक्रमण और अन्य आपात स्थितियों में आयुर्वेद की न्यून

प्रभावकारिता आयुर्वेदिक दवाइयों के बाजार को सीमित कर देती है। कई बार आयुर्वेदिक दवाओं की बेहतर बाजार हिस्सेदारी के लिए कई आयुर्वेदिक दवा कंपनियां पर्याप्त वैज्ञानिक आधार के अपने उत्पादों के बारे में जिस तरह चमत्कारिक दावों को प्रचारित करती हैं, उनके प्रामाणिक नहीं होने पर आयुर्वेदिक बाजार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। चूंकि कई बार आयुर्वेदिक दवाओं के मामले में किए गए दावों को सिद्ध करना बहुत कठिन होता है। अतएव कई आयुर्वेदिक दवाओं के बारे में यही आम धारणा बनती है कि इनके दावे अतिरंजित हैं।

उल्लेखनीय है कि कई बार अमेरिका और यूरोपीय देशों में बेची जाने वाली कुछ आयुर्वेदिक दवाओं में आर्सेनिक, मरकरी, लेड जैसी भारी धातुओं के अतिशय प्रयोग पर चिंता व्यक्त की गई और कहा गया कि भारी धातुओं का अतिशय प्रयोग स्वास्थ्य को हानि पहुंचाता है। ऐसे विभिन्न कारणों से दुनिया के कई देशों में आयुर्वेद को लोकप्रियता प्राप्त नहीं हो पाई है और इससे दुनिया में आयुर्वेदिक बाजार अपेक्षा के अनुरूप आगे नहीं बढ़ पाया है। निश्चित रूप से इस समय जब डब्यूएचओ ने भारत में पारंपरिक दवाओं के वैश्विक केंद्र की स्थापना सुनिश्चित की है, तब भारत के आयुर्वेदिक दवाइयों के बाजार के बढ़ने की नई संभावनाएं बढ़ी हैं। ऐसे में अब आयुर्वेदिक दवाइयों के बाजार को देश और दुनिया में तेजी से बढ़ाने के लिए कई बातों पर ध्यान देना होगा। हमें मान्य तरीकों से आयुर्वेदिक दवाइयों के दस्तावेजीकरण की डगर पर आगे बढ़ना होगा। हमारे द्वारा औषधीय पौधों को रासायनिक कीटनाशकों के इस्तेमाल से पूरी तरह मुक्त रखा जाना होगा। दवाओं के निर्माण में भारी तत्वों का इस्तेमाल रोकना होगा।चूंकि भारत दुनिया में औषधीय जड़ी–बूटियों का सबसे बड़ा उत्पादक देश है और इसे बॉटनिकल गार्डन ऑफ द वर्ल्ड यानी विश्व का वनस्पति उद्यान कहा जाता है। ऐसे में देश में औषधीय गुणों से भरपूर सैकड़ों तरह के पौधों के अधिकतम उत्पादन की नई रणनीति बनाई जानी होगी। देश में तुलसी, अदरक, लोंग, काली मिर्च, बिल्वपत्र, नीम पत्ता, पान पत्ता, तेज पत्ता, जामुन पत्ती, सोम पत्ती, जैसी सैकड़ों जड़ी–बूटियों के उत्पादन कार्य को बढ़ाया जाना होगा। केंद्र सरकार के साथ–साथ राज्य सरकारों के द्वारा भी किसानों को जड़ी–बूटी एवं औषधीय खेती के विस्तार के लिए और अधिक प्रोत्साहन दिए जाने होंगे।

हमें आयुर्वेदिक दवाइयों के बाजार को बढ़ाने के लिए कई और बातों पर भी ध्यान देना होगा। भारतीय औषध प्रणाली के तहत सभी औषधीय पौधों की समुचित बॉटनिकल पहचान कायम करनी होगी। औषधीय पौधों की प्रोसेसिंग वैज्ञानिक, आर्थिक और सुरक्षित तरीके से की जानी होगी। आयुर्वेदिक उत्पादों की क्षमता और सुरक्षा का निर्धारण करने के लिए फार्माकोलॉजिकल तथा क्लीनिकल अध्ययन बढ़ाया जाना होगा। आयुर्वेदिक दवाओं के लिए उपयुक्त नियमन व्यवस्था सुनिश्चित की जानी होगी। आयुर्वेदिक इलाज की प्रक्रियाओं का स्टैंडर्ड तय किया जाना होगा। आयुर्वेदिक दवाइयों की पुरानी स्टाइल की पैकेजिंग की जगह आधुनिक पैकेजिंग सुनिश्चित की जानी होगी। आयुर्वेदिक दवाइयों संबंधी शोध को बढ़ाना होगा। खासतौर से तत्काल परिणाम देने वाली और साइड इफेक्ट्स से बचाने वाली दवाइयों पर शोध पर विशेष ध्यान दिया जाना होगा। हम उम्मीद करें कि जहां सरकार कोविड–19 के बीच दुनियाभर में आगे बढ़ते हुए आयुर्वेदिक बाजार को ऊंचाई देने के काम को सर्वोच्च प्राथमिकता देगी, वहीं देश की आयुर्वेदिक दवाइयों के उत्पादक गुणवत्तापूर्ण उत्पादन के लिए समर्पित रूप से अपने काम को आगे बढ़ाएंगे। साथ ही देश के करोड़ों लोग आयुर्वेदिक दवाइयों को जीवन का मूलमंत्र बनाएंगे। निरूसंदेह इससे देश का आयुर्वेदिक बाजार तेजी से आगे बढ़ेगा और आगे चलकर आईटी की तरह आयुर्वेद सेक्टर भारत के लिए विदेशी मुद्रा की चमकीली कमाई का नया जरिया बनते हुए दिखाई दे सकेगा।

21वीं सदी का मूल मंत्र है सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा

– डॉ.सुनील कुमार

सड़क परिवहन एक स्थान से दूसरे स्थान पर आवागमन को सुगम करती है, सड़कें कृषि उपज को बाजार तक ले जाती हैं और बच्चों को स्कूल अतः वर्तमान समय में सड़कें जीवन की गतिविधियों का केंद्र है। सड़कें आर्थिक विकास और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। निरंतर आर्थिक विकास और बढ़ते शहरीकरण ने परिवहन प्रणालियों पर दवाब बढ़ा दिया और वर्तमान परिवहन प्रणाली ने एक तरफ दूरियों को कम कर दिया है लेकिन दूसरी ओर इसने जीवन जोखिम को बढ़ा दिया है। सड़क दुर्घटना की सांख्यिकी का विश्लेषण भारत में सड़क दुर्घटनाएं सालाना लगभग 1.5 लाख लोगों को मारती हैं। तदनुसार भारत में विश्व में दुर्घटना से संबंधित मौतों का लगभग 11 प्रतिशत हिस्सा है। भारत द्वारा रिपोर्ट की गई सड़क दुर्घटनाओं की कुल अनुमानित सामाजिक आर्थिक लागत 1,47,114 करोड़ रुपये थी जो देश की जीडीपी के 0.77 प्रतिशत के बराबर या उससे अधिक है। सड़क उपयोगकर्ता के .ष्टिकोण से दुर्घटना डेटा का विश्लेषण किए जाने पर निम्न विश्लेषण सामने आते हैं। सड़क दुर्घटना के कारण मारे जाने वालों में 17 प्रतिशत

पैदल चलने वाले यात्री होते हैं, 37 प्रतिशत दो पहिया वाहन पर चलने वाले यात्री और 16 प्रतिशत चार पहिया वाहन में चलने वाले यात्री होते हैं। अतः दो पहिया वाहन और पैदल चलने वालों की सड़क दुर्घटना से संबंधित दुर्घटना से मारे जाने वालों का का 54 प्रतिशत हिस्सा होता है और यह वैश्विक रुझानों के अनुसार मानव विकास के .ष्टिकोण से सबसे कमजोर श्रेणी है।

अगर हम एज ग्रुप और जेंडर के अनुसार सांख्यिकी का विश्लेषण करें तो यह पाया गया है कि 18 से 45 वर्ष की आयु के युवा वयस्कों ने लगभग 69.3 प्रतिशत सड़क दुर्घटना के के कारण अकाल मौत के मुंह में चले गए हैं जो कि भारत के डेमोग्राफिक डिविडेंड का हिस्सा है। सड़क दुर्घटना से संबंधित डेटा का विश्लेषण करने पर यह भी पाया गया हैं कि कुल दुर्घटना मौतों की संख्या में पुरुषों की हिस्सेदारी 86 प्रतिशत थी जबकि महिलाओं की हिस्सेदारी लगभग 14 प्रतिशत पाई गई। ट्रैफिक रूल वाययलेशन के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं का विश्लेषण किया जाए तो यह पाया गया है 67.3 प्रतिशत ओवर स्पीडिंग के कारण, 6.1 प्रतिशत गलत साइड में ड्राइविंग करने के कारण और 3.3 प्रतिशत ड्राइविंग करते समय मोबाइल फोन के प्रयोग के कारण और 3.5 प्रतिशत शराब पीकर गाड़ी चलाने के कारण दुर्घटना के कारण अपनी जान गंवा देते हैं।

सड़क सुरक्षा के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने विभिन्न राज्यों के साथ मिलकर इस वर्ष 18 जनवरी से 17 फरवरी के बीच राष्ट्रीय रोड सुरक्षा माह मनाया। इससे पहले हर वर्ष सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जाता था। इस वर्ष सड़क सुरक्षा माह की थीम थी सड़क सुरक्षा– जीवन रक्षा। इसी दौरान इन्स्टिटूट ऑफ रोड ट्रैफिक और एजुकेशन ने विभिन्न दिशा निर्देश जारी किए हैं कि किस तरह सुरक्षित स्कूल बस, नागरिकों के लिए सुरक्षित टैक्सी और पर्यटकों के लिए सुरक्षित परिवहन की सुविधा विकसित की जा सके। इसके अतिरिक्त विभिन्न राज्यों ने सड़कों पर ब्लैक स्पॉट के सुधार की नीतियों पर विचार विमर्श किया। विभिन्न जिलों में सड़क सुरक्षा पर जागरूकता फैलाने के लिए मैराथन, साइक्लोथान और वाकाथोन जैसी प्रतियोग्यताओं का आयोजन हुआ। सड़क पर दुर्घटना पीड़ित की मदद करने वालों को गुड समरतीयंस का अवार्ड दिए गए। ट्रैफिक पुलिस और डॉक्टर्स को रोड सेटी चौम्पियन से नामांकित किया गया, विभिन्न स्कूलों में सड़क सुरक्षा प्रतिज्ञा बोली गई, हाईवे ऑपरेटर असोसिएशन ऑफ इंडिया ने भी सड़क सुरक्षा को लेकर विभिन्न तरह के जागरूकता प्रोग्राम किए, विभिन्न स्थानों पर ड्राइवर्स के आँखों और स्वास्थ्य के चौकअप कैंप का आयोजन हुआ, दिव्यांगो के लिए सुलभ भारत पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ ओर सड़क सुरक्षा को लेकर विभिन्न कॉलेजों और स्कूलों में सेमिनार और वेबिनार का आयोजन हुआ। इन सभी का मकसद है कि सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा मंत्र के साथ आगे बढ़ते हुए किस तरह सड़क पर दुर्घटनाओं को कम किया जा सके।

हरियाणा की पहचान का सवाल

– सुभाष चन्द्र

हरियाणा के गठन से ही जब–तब बुद्धिजीवी और राजनीतिज्ञ हरियाणा की पहचान ढूंढने की कवायद करते रहे हैं। लेकिन वे सर्वमान्य पहचान को चिह्नित करने में असफल ही रहे हैं। राजनीतिज्ञ अपना राजनीतिक नेतृत्व जमाने के लिए स्थानीयता का खास मुहावरा तलाशता है और अपनी छवि के साथ क्षेत्र–विशेष को जोड़ने की कोशिश करता है। राजनीतिक नेताओं की व्यक्तिगत महत्वकांक्षाएं जब इलाके की पीठ पर सवारी करने लगती हैं तो कहीं बांगर की चौधर का सवाल हो जाता है तो कहीं अहीरवाल का या बागड़ का। हरी, गुलाबी, केसरिया और पीले रंग की अपनी पगड़ियों के रंगों को ही हरियाणा की पहचान बताने लगता है। पर जब ये राजनीतिक पगड़ियां सत्ता के गलियारे में दम तोड़ने लगती हैं तो लोग भी पहचान की पगड़ी को तह करके अपनी कांख में दबा लेते हैं।

जब कोई बुद्धिजीवी हरियाणा की पहचान के सवाल से जूझता है तो वह हरियाणा के विभिन्न क्षेत्रों में कुछ सामान्य सूत्र ढूंढने के लिए मगजपच्ची करता है और सफलता हाथ नहीं लगती। असफलता का मुख्य कारण हरियाणा की विविधता का जश्न न मनाकर उनके बीच एकता को ढूंढ निकालने पर ही उसका जोर रहता है। एकता पर जोर होने से इसकी विविधता को हरियाणा की ताकत न मानकर कमजोरी ही समझा गया। एकता तलाश हुई भी तो उसके बाहरी स्वरूप में न कि उसके मूल्यों में। हरियाणवीपन आविष्कृत करने के उत्साह में स्थानीय विविधताओं की अनदेखी करना कतई उचित नहीं।

भारत की विविधताओं की तरह ही हरियाणा की संस्कृति में भी विविधताएं हैं, जिन्हें किसी एक निर्धारित सांचे में बिल्कुल फिट नहीं किया जा सकता। कृत्रिम हरियाणवीपन 'इन्वेंट' न करके ब्रज, मेवात, खादर, बांगर, बागड़ और अहीरवाल की विविधताओं के बीच आदान–प्रदान की कड़ियों व प्रक्रियाओं को चिह्नित करने की जरूरत है। हरियाणा की

विविध संस्कृतियों पर गंभीर विमर्श की आवश्यकता है, जिनकी समग्रता में ही हरियाणा की पहचान बनती है।

संस्कृति निरंतर परिवर्तनशील व प्रवाहमान है। संस्कृति को स्थैतिक रूप में नहीं बल्कि बदलावों की निरंतरता में ही समझा जा सकता है। संस्कृति कोई बनी–बनाई वस्तु नहीं है, जिसका हमें पालन और रक्षा करनी है, बल्कि वह सतत प्रवाह है, जिसमें हर पीढ़ी अपने अनुभवों को जोड़कर सांस्कृतिक मूल्यों को प्रासंगिक और पुनर्नवा करती है। इस तरह संस्कृति जोहड़ के ठहरे हुए पानी की तरह नहीं, बल्कि बारहमासी नदी की तरह है, जिसमें विभिन्न स्तरों पर समानान्तर रूप से अनेक प्रक्रियाएं घटित होती रहती हैं।

हरियाणवी संस्कृति के विमर्श में संस्कृति के बाह्य रूप यानी पुरानी वस्तुओं, ढांचों और रीति–रिवाजों को ही संस्कृति के पर्याय के तौर पर प्रस्तुत किया। कभी–कभी धर्म को ही संस्कृति का पर्याय मान लिया गया। मानो कि धार्मिक कर्मकांडों का निर्वाह करना ही सांस्कृतिक कर्म हो।

जीवन–मूल्यों के निर्माण–विघटन की प्रक्रियाओं और उनके सामाजिक आधार के विश्लेषण की सांस्कृतिक–विमर्श में केन्द्रीय जगह नहीं बनी, जबकि संस्कृति तो मूल्यों में ही निहित होती है। हरियाणा के सांस्कृतिक–विमर्श में संस्कृति के दस्तावेजीकरण पर बहुत जोर दिया गया। यद्यपि संस्थागत तौर पर विशेष काम नहीं हुआ, लेकिन व्यक्तिगत तौर पर इस दिशा में कुछ प्रशंसनीय काम जरूर किए गए हैं, परन्तु इसमें एक अतीतमोह की भावना थी। संस्कृति के नाम पर पुरातन को इस भाव से प्रस्तुत किया गया कि यह वर्तमान से बेहतर था और इसे पुनर्स्थापित करना है। सही है कि किसी समाज के वर्तमान को समझने के लिए उसके अतीत को जानना जरूरी है, लेकिन उसको दोबारा कभी जिया नहीं जाता। भवनों–स्थापत्य आदि को संजोना निहायत जरूरी है, लेकिन अब उसकी नकल करके वैसा ही करना हास्यास्पद होगा। इतिहास का दोहराव पैरोडी बन जाता है। आज कोई शासक मुकुट पहनकर, तलवार लगाकर घोड़े पर चढ़कर आये या हाथी पर अपनी शोभायात्रा निकाले तो कितना हास्यास्पद व मनोरंजक कृश्य होगा। देवताओं सा रूप बनाकर बाजार में घूमने वाले बहुरूपियों के प्रति कभी श्रद्धाभाव जागृत नहीं होता, कोई उनमें देवताओं का रूप नहीं देखता। वर्तमान कभी भी अतीत को उसके मूल रूप में धारण नहीं करता, बल्कि मूल्य के रूप में वह वर्तमान का हिस्सा होता है।

हरियाणा के सामाजिक–सांस्कृतिक जीवन में शास्त्रोक्त आचार–संहिताओं की बजाय लोक का ही प्राधान्य है। शास्त्रीयता जहां एक विशेष पद्धति व अनुशासन की अपेक्षा करता है, लोक में खुलापन व खुरदरापन होता है। अपने संकटकाल में लोक शास्त्रा की बजाए जीवन की व्यावहारिकता से ही निर्णय करता है, इस मायने में हरियाणवी संस्कृति 'शास्त्रा' की बजाय 'लोक' से संचालित है।

यहां के देवी–देवता व पूजा पद्धतियां भी लोक की हैं। गांव के स्तर पर बाहरली माता, बूढ़ी माता, अलखदाता और खेड़ा आदि देवता के तौर पर प्रतिष्ठित हैं। इन देवताओं का कोई सार्वभौमिक स्वरूप नहीं है, कोई विशेष आकार नहीं है। पूजा की भी विशेष पद्धति नहीं है। कुछ खील–पतासे, कच्चे अनाज के दाने, मीठे चावल आदि सामान लिया, हाथ जोड़कर जय हो का उच्चारण कर दिया। प्रार्थना इतनी सी कि निराकार देवता से दूध–पूत में वृद्धि मांग ली और हो गई पूजा संपन्न। कोई आरती नहीं, कोई मंत्र नहीं किसी पुजारी की जरूरत नहीं। न कोई भव्यता, न ताम–झाम। एकदम सहज। जाहर वीर गोगा पीर में यहां के लोगों की गहरी आस्था है। वह भी लोक का ही देवता है किसी शास्त्र का पात्र नहीं है, बल्कि लोक ने ही उसकी रचना की है। आज भी गोगा पीर की छड़ी पूरे प्रदेश में घूमती है। पौराणिक कथाएं जीवन से गायब तो नहीं हैं, लेकिन मुख्यतः लोककथाएं, लोकगाथाओं में ही हरियाणवी मानस रस लेता रहा है।

हरियाणा समाज रूढ़िवादी समाज नहीं रहा। यहां की परम्पराओं और लोकजीवन में बौद्ध धर्म, सूफी–परम्परा, संत–परम्परा और आधुनिक समाज के अपेक्षाकृत प्रगतिशील मत आर्यसमाज का प्रभाव रहा है। शास्त्रीय परम्परा के संवाहक यहां के पण्डित भी उनके यजमानों जैसे ही हैं। कोई विशेष अंतर नहीं रहा है। धार्मिक संकीर्णता–कट्टरता व संस्थागत–कर्मकाण्डी धर्म की बजाए लगातार धर्म की मानवीय शिक्षाएं व सहज पहलू ही यहां के जीवन का अंग रहे हैं।

पिछले कुछ समय में हरियाणा के गांवो–शहरों में लोक देवताओं की जगह बड़े–बड़े शिवाले–गुरुद्वारे आदि बने हैं, डेरे भी बने हैं और उनके अनुयायी भी बढ़े हैं, कांवड लेकर आने वालों की संख्या भी बढ़ी है, लेकिन आध्यात्मिकता, सहनशीलता, संयम, सच्चाई, ईमानदारी आदि मूल्यों का ह्रास हुआ है। यह जांच–पड़ताल का विषय है कि कर्मकांडी संस्थागत धर्म और आधुनिक उपभोक्तावादी संस्कृति में क्या संबंध है। उपभोक्तावाद–बाजारवाद की टीम–टाम बढ़ी और बाजार घरों में समाने लगा तो सहज धार्मिक जीवन में भी बाजार अपनी पैठ बनाने लगा। सत्यनारायण की कथाओं और देवी की कढाईयों के स्थान पर भव्य व महंगे जगरातों का नया अध्याय शुरू हो गया। फिल्मी गीतों की धुनों के साथ मिलकर धार्मिक–आध्यात्मिक भावना की पूर्ति विकृत रूप में हो रही है। कथा वाचन व आयोजन ने व्यवसाय का रूप धारण कर लिया। कितनी ही संस्थाएं व कथावाचक धन

लेकर कथाएं करने के कारोबार में हैं और कथाओं के लिए कितना चंदा एकत्रित किया जाता है। स्वाभाविक है कि जहां बाजार की पैठ होती है, वहां विकृति आती है।

असल में बाजारवाद–उपभोक्तावाद मनुष्य को सांस्कृतिक तौर पर खोखला करता है और अपनी जगह बनाता है। मनुष्य एक सांस्कृतिक प्राणी है, संस्कृति उसकी मूलभूत जरूरत है। बाजार उसकी इस जरूरत को अपनी शर्तों पर पूरी करता है। जीवन से जो चीजें गायब हो रही हैं बाजार उनको कृत्रिम ढंग से पूरा करने की कोशिश करता है। मसलन मां–बापू से कोई ताल्लुक नहीं है, लेकिन कथित धार्मिक मां–बापू की सेवा में हर सप्ताह हाजिर हैं।

संस्कृति का काम–धंधों व प्राकृतिक वातावरण के साथ गहरा संबंध है। इनके बीच में ही वह बनती है। काम–धंधों के स्वरूप में बदलाव आता है तो संस्कृति के रूप व उसके मूल्यों में भी बदलाव निश्चित है। हरियाणा का समाज कृषक समाज है और इसकी संस्कृति किसानी संस्कृति है। किसानी जीवन का संबंध कड़ी मेहनत से है। मेहनती समाज में ईमानदारी, खुद्दारी, और साहस स्वतः ही पनपते हैं। जो समाज व व्यक्ति मेहनत से दूर होता जाता है उसमें विशेष किस्म की विकृति पैदा होने लगती है। बिना मेहनत किए प्राप्त करने की इच्छा से पाखण्डपूर्ण व अमानवीय जीवन का निर्माण होता है।

हरियाणा से कृषि संस्कृति समाप्त हो रही है और उसकी जगह बाजारवाद–उपभोक्तावाद स्थापित हो रहा है, तो चालाकियां, चालबाजियां, बेईमानियां और मुतखोरी जीवन में घर करते जा रहे हैं। जो समाज पारदर्शी था वह औपचारिकताओं व दिखावों से भरता जा रहा है। विवाह–शादियों हो, रस्म–पगड़ियां हों या धार्मिक कार्यक्रम दिखावे पर बहुत जोर है।

हरियाणा में हरित क्रांति की सफलता ने देश–दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा था, यहां की खेती को माडल माना जाता था। अब इसके दुष्प्रभावों को लेकर चर्चा शुरु हो गई है। पिछले कुछ वर्षों से दलित–उत्पीड़न के जघन्य–कांडों तथा इज्जत के नाम पर युवक–युवतियों की हत्याओं के कारण हरियाणा चर्चा में रहा है। विश्व स्तर पर खेलों में उपलब्धियों के कारण भी कुछ चर्चा हरियाणा की होती है। पॉपुलर मीडिया भी हरियाणा की बोली को अपने व्यावसायिक हितों के लिए प्रयोग कर रहा है। बालीवुड के चोटी के अभिनेता यहां की पृष्ठभूमि पर फिल्में बना रहे हैं। लेकिन हरियाणा के समाज व संस्कृति के आन्तरिक अन्तर्विरोधों पर गंभीर मंथन अभी शेष है। देस हरियाणा पत्रिका इस बहस को चलाना चाहती है, इस बहस में आपसे सक्रिय हिस्सेदारी की उम्मीद है।

हरियाणा चाहे ऊपरी तौर पर आधुनिक दिखाई दे रहा है। एकदम आधुनिक फैशन व ब्रांड के कपड़े, यातायात के आधुनिक साधन हैं, अत्याधुनिक गैजेटस हैं। आधुनिक समाज की समस्त सुविधाएं यहां मौजूद हैं, लेकिन आधुनिक समाज की सोच, मूल्य व तौर–तरीके यहां दिखाई नहीं देते। महिलाओं व समाज के कमजोर वर्गों–वंचितों के प्रति नजरिया व व्यवहार कतई आधुनिक नहीं हुआ। अक्षर और पुस्तक की उपस्थिति आम आदमी के जीवन में आधुनिक समाज में ही संभव हुई है। लेकिन हरियाणा के सामाजिक व व्यक्तिगत जीवन में इनकी उपस्थिति बहुत कम है। शायद ही कोई घर होगा, जिसमें कि पुस्तकों के लिए अलग से कोई स्थान बनाया गया है। शहरों में साहित्य के लिए कोई दुकानें नहीं हैं। विचार–विमर्श के केंद्र नहीं हैं। मध्यवर्ग के अधिकांश लोगों से यही बात सुनने में आई कि उनके पास समय नहीं है, लेकिन वे किस कर्म में व्यस्त हैं। इस पर भी उनके पास बताने के लिए कुछ नहीं है।

देस हरियाणा' पत्रिका का यही प्रयास है कि हरियाणा के समाज में पठन–पाठन की संस्कृति विकसित हो। लोग अपनी समस्याओं व जीवन की बेहतरी में आ रही बाधाओं पर तार्किक ढंग से विचार–विमर्श करें। उनके सामूहिक समाधान की ओर बढ़ें। लोकतंत्र में जनता ही सर्वोपरि होती है, इसलिए उसका सचेत होना ही लोकतंत्र के विकास की गारंटी है। समाज के लोकतांत्रिकरण की प्रक्रिया से ही सबके प्रति सम्मान व बराबरी का भाव पैदा होगा।

